एक नजर में

महापौर माधुरी पटेल ने सहायक ग्रेड 3 और स.रा.नी.पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित

बुरहानपुर। महापौर माधुरी अतुल पटेल द्वारा आज नगर निगम में संपत्तिकर विभाग में स्व. खुशाल महाजन के पुत्र श्री ईश्वर पिता स्व खुशाल महाजन को सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर एवं स्व.राजेश बालाजी वाले की पुत्री कुमारी समृद्धि पिता राजेश बालाजी को सहायक ग्रेड 3 के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर माननीय महापौर ने कहा कि नगर निगम अपने कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के प्रति संवेदनशील है तथा अनुकम्पा नियुक्ति के माध्यम से दिवंगत कर्मचारी के परिवारों को संबल प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने नियुक्ति प्राप्त दोनों अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, भाजपा महामंत्री चिंतामन महाजन, जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे आदि उपस्थित थे।

खुशी के पल संस्था ने की जलने से गंभीर हालत में बच्चे की आर्थिक मदद

बुरहानपुर। दुर्घटना में जलने से गंभीर हालत से उपचार करा रहे बच्चे को उपचार हेतु मानवता को समर्पित संस्था खुशी के पल नें दस हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता की संस्था की सयोजित हरप्रीत कीर ने बताया की इस बच्चे की दुर्घटना में जलने से गंभीर हालत है इसका उपचार चल रहा है यह बहुत गरीब परिवार से है इसको आर्थिक सहायता की बहुत ज्यादा जरूरत है इसका नाम बबलू वानखेड़े है सस्था को जब जानकारी मिली तो हमने उसे मदत किया एव जल्द स्वस्थ हो जाए ऐसे ईश्वर से प्रार्थना की संस्था ने उस बच्चे की माँ को भी ये विश्वास दिया की भविष्य में जो हो सकेगा उसे अवश्य मदत करेंगे। इस अवसर पर संस्था की सदस्य श्रीमती रिचा सलूजा, अनामिका बरौले, मीनाक्षी शर्मा, मीनू मालानी आदि मौजूद रहे।

कलेक्टर द्वारा जिला कोषालय का किया निरीक्षण

बुरहानपुर। मंगलवार को कलेक्टर हर्ष सिंह ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित जिला कोषालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने कार्यालयीन कार्यप्रणाली, संधारित अभिलेखों एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए कार्यों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर सिंह ने कार्यालयीन व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने पर सराहना की एवं आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए।

जनसुनवाई में शिकायतों के त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण के निर्देश

बुरहानपुर। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में प्रति मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना जाता है। समस्याओं के निराकरण हेतु विभागों द्वारा त्वरित एवं नियमानुसार कार्यवाही की जाती है। इसी कड़ी में जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा सहित अन्य अधिकारियों द्वारा करीबन 55 आवेदनों पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई में राजस्व, नगर निगम, विद्युत, पंचायत सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

ग्राम पंचायत चांदनी में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन

नेपानगर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बुरहानपुर की अध्यक्षा, प्रधान जिला, सत्र न्यायाधीश विधि सक्सेना, सचिव, न्यायाधीश प्रेमदीप सांखला, नेपानगर सिविल न्यायालय की न्यायाधीश प्रिया राठी तथा जिला सहायता अधिकारी अनुपमा मुजाल्दे के निर्देशन में ग्राम पंचायत चांदनी में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पेरालिगल वालेंटियर डॉ एलएल लौवंशी द्वारा नालसा, सालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई जिनमें श्रमिकों के अधिकार, श्रमिकए कामगारों की सुरक्षाए निर्धारित मजदूरी दिलानाए महिला कामगारों के प्रति भेदभाव व लैंगिक प्रताड़ना रोकना, बाल श्रम निषेधए बच्चों को श्रमिक के रूप में कार्य करने से रोकना तथा पीड़ित श्रमिकों को उनके अधिकार दिलाने में सहायता करना, विवाह मामले में लड़के की उम्र 21 वर्ष व लड़की की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है जो कानूनन अपराध है। इसके तहत विवाह कराने वाले माता, पिता, पंडित, बाजे वाले, हलवाई, घोड़े वाले, पत्रिका छापने वाले, घराती, बराती सभी अपराध की श्रेणी में आते हैं। पाक्सो एक्ट, सशक्त नारी, सशक्त समाज पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में सरपंच कालू भाई, उप सरपंच देशमुखजी, अशोक चौधरीए रोहिदास चौधरी, पंचायत सचिव अविनाश येवले, सहायक सचिव विनोद भाई, स्वास्थ्य विभाग से गौर मैडम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, पेरालिगल वालेंटियर डॉ एलएल लौवंशी, महेश चंद्र शिवहरे व ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

अब जिला चिकित्सालय में हर सप्ताह मिलेंगी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नि:शुल्क सेवाएं: चिटनिस

बुरहानपुर को स्वास्थ्य के क्षेत्र में सौगात

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस द्वारा जिला चिकित्सालय का लगातार निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु दिए गए निर्देशों का सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगा है।

चिटनिस की पहल एवं प्रयासों से अब जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में प्रति सप्ताह महाराष्ट्र के जलगांव स्थित उल्हास पाटिल मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे जिले के हजारों मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

अब तक गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को त्वचा रोगए नाक.कान.गला रोग, मानसिक रोग, हृदय रोग ;कार्डियोलॉजी, किडनी रोग, नेफ्रोलॉजी सहित अन्य विशेषज्ञ उपचार के लिए इंदौर, मुंबई या जलगांव जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। वहां मरीजों और उनके परिजनों को डॉक्टर की फीस, जांच, दवाइयों, यात्रा एवं रहने.खाने पर हजारों रुपये खर्च करने पड़ते थे। आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई मरीज तो केवल अधिक खर्च के कारण समय पर उपचार तक नहीं करा पाते थे।

अर्चना चिटनिस के प्रयासों से अब यही विशेषज्ञ सेवाएं जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में ही नि:शुल्क उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को बाहर जाने की परेशानी से राहत मिलेगी तथा डॉक्टर की भारी फीस और अन्य खर्चों की बचत भी होगी। स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने से गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को सबसे अधिक लाभ प्राप्त होगा। गत दिवस जिला चिकित्सालय में 3 विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन दिया। बड़ी संख्या में मरीजों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। मरीजों एवं उनके परिजनों ने जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

जिला चिकित्सालय प्रशासन ने जानकारी दी कि आगामी समय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या एवं सेवाओं का विस्तार और किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक मरीजों को लाभ मिल सके। मरीजों की सुविधा के लिए जिला चिकित्सालय में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है, जहां से उपचार एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिला प्रशासन एवं चिकित्सालय प्रबंधन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

शिव का स्वरूप बाहरी आडंबर से नहीं, बल्कि आंतरिक त्याग, तप और करुणा से महान है : ललित कानूगो

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। प्रतापपुरा स्थित तारवाला प्रांगण में चल रही शिव पुराण कथा में कथावाचक ललित कानूगो जी महाराज ने शिवजी के विवाह प्रसंग की कथा सुनाई। महाराज ने कहा कि भगवान शिव सबसे अनोखे हैं। वे त्रिशूल धारण करने वाले हैं, शरीर पर भस्म रमाते हैं, गले में सर्पों की माला पहनते हैं और श्यमशान में वास करते हैं। इतने विरक्त और अनोखे होने के बावजूद माता पार्वती ने उन्हें पति रूप में वरण किया। यह दर्शाता है कि शिव का स्वरूप बाहरी आडंबर से नहीं, बल्कि आंतरिक त्याग, तप और करुणा से महान है। उन्होंने आगे कहा कि शिव.पार्वती का विवाह केवल दो देवी.देवताओं का मिलन नहीं, बल्कि लोक.कल्याण और सृष्टि संतुलन का प्रतीक है।

श्री पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गुर्जर भवन में 1 से 7 जून तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह



नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। श्री पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गुर्जर भवन में 1 जुन से 7 जुन तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। व्यास पीठ पर परम पुज्य परिव्राजकाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी हरिचैतन्यानंद सरस्वती जी महाराज, वेदांताचार्य एम.ए.तत्वज्ञान काशी श्री गुरुदेव आश्रम पळसखेड सपकाळ, तालुका चिखली, जिला बुलढाणा महाराष्ट्र होंगें। आयोजक श्री गुरूदेव सेवा सत्संग मंडल ब्रह्मपुर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार यह आयोजन दिनांक 1 से 7 जून 2026 तक होग। समय दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक, स्थान श्री रेवा गुर्जर भवन मंगल परिसर, अमरावती रोड, ब्रह्मपुर पर होगा। श्री पुरूषोत्तम मास के उपलक्ष्य में श्री गुरूदेव की अमृतवाणी से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आयोजन में सभी धर्मप्रेमी सहपरिवार इष्टमित्रों के साथ पधारकर पुण्य का लाभ लेवे।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष की रायशुमारी के लिए बुरहानपुर पहुंची महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में दावेदारों से चर्चा कर लिया बायोडाटा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष की दावेदारी के लिए मंगलवार को सिंधी बस्ती रोड स्थित शहर कांग्रेस कार्यालय रायशुमारी की गई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष शांति बालेश्वर को बुरहानपुर जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मंगलवार को उन्होंने बुरहानपुर पहुंचकर शहर कांग्रेस पदाधिकारी और महिला कांग्रेस से जुड़ी महिलाओं की बैठक लेकर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि राजनीति में महिलाओं को आगे जाकर हिस्सा लेना चाहिए। 2028 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी इसके लिए हम सबको एकजुट होकर काम करना होगा।

महिलाओं के मुद्दों को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास करें अगर किसी महिला के साथ कोई घटना होती है तो उसके साथ खड़े होकर इंसाफ दिलाए। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार महिलाओं को आरक्षण का लाभ नहीं दे रही हैए जबकि कांग्रेस ने 33 फीस दी आरक्षण पर सरकार का साथ दिया था जो बिल अभी तक लागू नहीं किया गया। सरकार महिलाओं को झूठ बोलकर चुनाव में वोट लेती है लेकिन महिलाओं के अधिकार की बात नहीं करती है उन्हें आरक्षण तक नहीं दिया जा रहा है। आज हम अध्यक्ष के लिए रायशुमारी करने आए हैं। सभी अपना बायोडाटा दे जिसे हम प्रदेश कार्यालय तक पहुंचाएंगे और सक्रिय कार्यकर्ता को इस बार अध्यक्ष का दावेदार बनाया जाएगा। जिससे पार्टी की मजबूत बने। हमें महिलाओं की भागीदारी को कांग्रेस में बूथ स्तर से लेकर ब्लॉक नगर और विधानसभा, लोकसभा तक मजबूत करना है?।

शहर अध्यक्ष रिंकू टांक ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर महिला कांग्रेस की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है, जिसमें जिले की महिलाओं को प्रदेश और जिले में शामिल किया जाए। इसलिए रायशुमारी का दौर चल रहा है।

कांग्रेस मीडिया प्रभारी तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने बताया कि महिला कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से यह रायशुमारी आयोजित की गई। दावेदार महिलाओं के बायोडाटा लेकर प्रदेश नेतृत्व को भेजे जाएंग, जिसके बाद संगठन द्वारा नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

बैठक में हर्षराज देवड़ा, अनिता यादव, योजना देवड़ा, सरिता भगत, सोनाली चंदन, आरती लांडे, मीना मोरे, मीनाक्षी महाजन, रजनी चौहान, संगीता पंडित, अनिता पाटील, मीना सुरवाड़े, ममता सोनांशी और उषा मिश्रा शामिल हुई।

3 साल से फरार चल रहा स्थाई वारंटी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर पुलिस ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और लंबे समय से फरार अपराधियों की धरपकड़ के अभियान में एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। थाना शिकारपुरा पुलिस ने त्वरित और योजनाबद्ध कार्यवाही करते हुए वर्ष 2023 से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

शिकारपुरा थाना अंतर्गत वर्ष 2023 में विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत अपराध क्रमांक 847/2023 के प्रकरण फरार चल रहे आरोपी हफ़ीज, पिता बशीर ख़ान उम्र 25 वर्ष निवासी. हकीम अर्ज़ानी मस्जिद के पास, नेहरू नगर, शिकारपुरा के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 341,323, 294, 506, 325, 34 के तहत मामला दर्ज था। आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा थाए जिसके चलते माननीय न्यायालय द्वारा उसके खिलाफस्थाई वारंट जारी किया गया था।

अपराधियों की धरपकड़ और लंबित वारंटों की शत.प्रतिशत तामीली को प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर श्री आशुतोष बागरी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। निर्देशों पर अमल करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के कुशल मार्गदर्शन में थाना शिकारपुरा पुलिस को जैसे ही आरोपी के नेहरू नगर क्षेत्र में होने की पुख्ता सूचना मिलीए पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए तत्काल घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपी:-हफ़ीज़, पिता बशीर ख़ान उम्र 25 वर्ष निवासी. हकीम अर्ज़ानी मस्जिद के पासए नेहरू नगर शिकारपुरा

सराहनीय भूमिका:- थाना प्रभारी शिकारपुरा संदीप चौरसिया, प्रधान आरक्षक शेख जाकिर, दिपेन्द्र तवर, आरक्षक मनोज चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

सिविल इंजीनियर से साइबर ठगी, लिंक क्लिक किए खाते से 76 हजार गायब

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। बुरहानपुर में साइबर ठगी का एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक सिविल इंजीनियर के बैंक खाते से बिना किसी ओटीपी या संदिग्ध लिंक पर क्लिक किए 76 हजार रुपए निकाल लिए गए। पीड़ित ने शिकारपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। नया मोहल्ला निवासी लवेश गुजराती मुंबई की एक निजी कंपनी में सिविल इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। वे निजी काम से बुरहानपुर आए हुए थे। देर रात करीब 1 बजे उनके खाते से अलग.अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 76 हजार रुपए निकाल लिए गए। **न कोई आया, न लिंक पर क्लिक किया फिर भी रुपए गायब:**- पीड़ित लवेश गुजराती ने बताया कि उनके मोबाइल पर न तो कोई ओटीपी आया और न ही उन्होंने किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया। उन्होंने कोई ऐप भी डाउनलोड नहीं किया था। खाते से पैसे कटने के मैसेज मिलने के बाद उन्होंने तुरंत बैंक से संपर्क कर अपना खाता ब्लॉक करवाया और शिकारपुरा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकारपुरा थाना प्रभारी संदीप चौरसिया ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस साइबर सेल की मदद से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। **चार महीने में 48 साइबर ठगी के मामले:**-थाना प्रभारी के मुताबिक जनवरी 2026 से अब तक शिकारपुरा थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के 48 मामले दर्ज हो चुके हैं। इन मामलों में करीब 24 लाख 28 हजार रुपए की ठगी हुई है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध कॉलए लिंक या ऑनलाइन गतिविधि से बचने की अपील की है।

वन विभाग का 9 दिन का रेस्क्यू ऑपरेशन, ड्रोन, नाइट विजन से ढूंढे 2 अनाथ तेंदुआ शावक

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। डीएफओ विद्या भूषण सिंह की व्यक्तिगत रुचि और टीम की 9 दिन की लगातार सर्चिंग के बाद शाहपुर रेंज में मां की मौत के बाद जंगल में भटक रहे 4 माह के 2 अनाथ तेंदुआ शावकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। दोनों को राष्ट्रीय वन विहार भोपाल के रेस्क्यू सेंटर भेजा गया है।

ऐसे चला ऑपरेशन:- 9 मई को शाहपुर रेंज के राजस्व ग्राम नागोनी के केले के खेत में मादा तेंदुए का शव मिला था। पोस्टमार्टम व एसओपी के तहत अंतिम संस्कार के बाद पता चला कि मृत मादा के साथ 2 शावक भी थे। डीएफओ विद्याभूषण सिंह ने तुरंत शाहपुर रेंजर व टीम को सर्चिंग में लगाया। टीमों ने 9 दिन तक जंगल छाना। ग्राउंड सर्चिंग के साथ ड्रोन, नाइट विजन कैमरे और वन क्षेत्रों में लगे ट्रैप कैमरों से निगरानी की गई।

पिंजरे में आए शावक :- लोकेशन मिलने पर एक स्थान पर पिंजरा लगाया गया। 17 मई को 4 माह का पहला शावक और 18 मई को दूसरा 4 माह का शावक पिंजरे में आ गया। एसडीओ अजय सागर व पशु चिकित्सक की मौजूदगी में डॉक्टरों से जांच के बाद दोनों शावकों को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल के रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया गया। डीएफओ विद्याभूषण सिंह ने बताया कि मां की मौत के बाद शावक जंगल में अकेले भटक रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर रेस्क्यू किया गया। एसओपी के अनुसार जंगल में रखना सुरक्षित नहीं थाए इसलिए भोपाल भेजा। वहां नियमित स्वास्थ्य जांच होगी। बालिग होने पर दोनों को फिर से जंगल में छोड़ा जाएगा।

स्थानीय स्तर पर नहीं हो पाती सुरक्षा:-बताया जा रहा है कि जंगल में शावक सुरक्षित नहीं रह पाते इसलिए जैसे ही वन विभाग को इसकी जानकारी लगी कि मृत मिली मादा तेंदुए के साथ दो शावक भी थे तो वन विभाग ने उनकी तलाश तेज कर दी। एक स्थान पर पिंजरा लगाकर आखिरकर नौ दिनों बाद उनका रेस्क्यू कर लिया गया।

एक नजर — प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वरा आयोजित, वाह जिंदगी वाह का तीसरे दिन

आत्मा एक चैतन्य शक्ति, ज्योति बिंदु है इस शरीर को चलाने वाली, इसकी मालिक हैं

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। वर्तमान जीवन की समस्याएँ और आध्यात्मिकता, मानव वर्तमान समय में ऐसा महसूस करता है कि उसके जीवन में बहुत समस्याएं हैं, बहुत कठिनाइयाँ हैं और बहुत परेशानियाँ हैं। वह उनका कारण ढूंढते.ढूंढते जूझता रहता है, लेकिन उसे समझ में नहीं आता कि इसका असली कारण क्या है और इसका निवारण कैसे करें।

ऐसे में आध्यात्मिकता हमें एक सत्य के साथ रूबरू कराती है कि बाहर की परिस्थितियाँ, व्यक्ति और स्थितियाँ हमारे जीवन में सुख और दु:ख उत्पन्न नहीं करते हैं। वह तो मात्र एक घटना ;इवेंट है। लेकिन उस घटना को लेकर मैं अपने मन में कैसे विचार उत्पन्न करता हूँ और कैसी भावनाएँ जागृत करता हूँ। उसके आधार पर मुझे दु:ख और तनाव की अनुभूति हो सकती है, या फिर मैं शांति और शक्ति का अनुभव करके उस घटना का अच्छी तरह से सामना कर सकता हूँ।

सुख.दु:ख का कारण और वास्तविक स्वरूप:-जब मनुष्य यह समझता है कि उसके दु:ख और सुख का कारण वह स्वयं है, तो हमें यह भी समझना है कि कौन सा मैं मुझे सुख.शांति का अनुभव करा सकता है और कौन सा मैं मुझे दु:ख और टेंशन दिला सकता है। इस संदर्भ में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में परमात्मा पिता हमें ज्ञान देते हैं कि जब मैं अपने आप को इस देह ;शरीर, देह के पद, देह के धर्म या इस दुनिया की बातों के साथ अपनी पहचान ;आइडेंटिफाई जोड़ता हूँ, तो उसमें मुझे तनाव की गुंजाइश हो सकती है।

लेकिन जब मैं इस शरीर को चलाने वाली चैतन्य शक्ति आत्मा रूपी मैं के साथ जुड़ता हूँ, तो फिर उस आत्मा के आधार से जीवन जीने से स्वाभाविक सुख.शांति की अनुभूति हो सकती है। क्योंकि जो मैं वास्तव में हूँ, मेरा मूल स्वभाव ;ओरिजनल नेचर ही शांति है, सुख है, आनंद है, प्रेम है और शक्ति है। जब हम हर समय आत्म.अभिमानी होकर सारे दिन का कार्य.व्यवहार करते हैं, तो जीवन में अपने आप ही श्वाह.वाहश् की अनुभूतियाँ होना शुरू हो जाती हैं। इसके लिए बहुत आवश्यक है कि हम स्वयं के सत्य परिचय को पहचानें और उसमें स्थित रहकर अपनी सुख.शांति की अवस्था में रहें। तभी हम अपने जितने भी कर्तव्य हैंकृचाहे पिता का, पत्नी का, या सास.ससुर के प्रति हो, उन सभी कर्तव्यों को सुचारू रूप से शांति और आनंद के आधार पर निभा सकते हैं।

आत्मा का स्वरूप और कलयुग से सतयुग का परिवर्तन:-आत्मा एक चैतन्य शक्तिए ज्योति बिंदु है। इस शरीर को चलाने वाली, इसकी मालिक है। ओम् शांति। जब मनुष्य इस सत्य के आधार से जीवन जीता है कि मैं इस देह को चलाने वाली एक चैतन्य शक्ति आत्मा हूँ, तब वह जान पाता है कि आत्मा अजर, अमर और अविनाशी है। आत्मा का जो मूलभूत स्वभाव है, वह सतोगुण है। जब हम इस अनुभूति, रियलाइजेशन में रहकर जीवन जीते हैं, तो जीवन में अनेक प्राप्तियाँ और सुख.शांति का अनुभव हम कर सकते हैं।

यह आत्मा भीतर में एक हीरो का काम करती है। स्वयं के अंदर इस छिपे हुए हीर, हीरो को जानना.पहचानना और उसके आधार से जीवन जीने से, जीवन में हम स्वयं को अंधकार से प्रकाश की ओरए दु:ख से सुख की ओर और चिंता से शांति की ओर स्वत: ही ले जा पाएँगे। आज के वर्तमान समाज में, हमारी शिक्षण पद्धति में और घर.घर में आत्मज्ञान का प्रचार और प्रसार होना बहुत आवश्यक है। यदि हर व्यक्ति संसार में आत्मा की स्थिति और आत्मा के सातों गुणों के आधार पर अपना जीवन चलाएगा, तो यह कलयुग की सृष्टि सतयुग की सृष्टि बन जाएगी। घर.घर स्वर्ग बन जाएगा और आपसी संबंध बहुत मधुर हो जाएंगे। इसका पहला आधार यही है कि हम स्वयं को पहचानें और उसके आधार पर अपना जीवन जिएं।कार्यक्रम का संचालन स्वाति दीदी ने किया इस अवसर पर मंगला दीदी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।